**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**02.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे**

**''पहले मुख्य समाचार''**

- प्रदेश कांग्रेस का राज्यसभा प्रत्याशी पर मंथन तेज– मुख्यमंत्री की दिल्ली में आलाकमान से चर्चा जारी।
- नाहन में आज युवा संसद का होगा आयोजन– युवाओं को केंद्रीय योजनाओं के अलावा मिलेगी लोकतांत्रिक मूल्यों व संसदीय परंपराओं की जानकारी।
- किफायती और गुणवत्तापूर्ण जैनरिक दवाईयों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्‌देश्य से देश भर में जन औषधि सप्ताह शुरू।
- और
- आगामी वर्ष होने जा रही डिजिटल जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना को लेकर शिमला में प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी।

**मुख्यमंत्री**

प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट के लिए 16 मार्च को होने वाले चुनाव को लेकर सत्ताधारी कांग्रेस ने उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया तेज कर दी है। गौरतलब है कि इसी क्रम में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू दिल्ली पहुंचकर कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर संभावित प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा कर रहे हैं। हालांकि इस संबंध में पार्टी हाईकमान के साथ आज एक अहम बैठक भी होनी है। प्रदेश से राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का कार्यकाल 9 अप्रैल को समाप्त हो रहा है जिसके चलते ये सीट खाली होगी। चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है और नामांकन दाखिल करने की आखिरी तिथि 5 मार्च निर्धारित है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि एक या दो दिन के भीतर कांग्रेस अपने उम्मीदवार के नाम की औपचारिक घोषणा कर सकती है।

**युवा संसद**

भारत सरकार युवा मामले व खेल मंत्रालय के मेरा युवा भारत द्वारा की ओर से आज सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में युवा संसद का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद सुरेश कश्यप विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का उद्‌देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं व राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ना है। युवा संसद में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के युवा भाग लेंगे। इस दौरान युवाओं को केंद्र सरकार की मुख्य योजनाओं से अवगत करवाया जाएगा और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा।

**मुकेश अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि ऊना जिले ने बीते वर्षों में विकास की नई पहचान बनाते हुए औद्योगिक, शैक्षणिक और आधारभूत ढांचे से विकास के हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। वे कल ऊना में हिमोत्कर्ष साहित्य, संस्कृति व जनकल्याण परिषद के 52वें राज्यस्तरीय वार्षिक अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले में करीब 2 हज़ार 5 सौ करोड़ रूपए की लागत की बल्क ड्रग पार्क योजना का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का ऊना में स्थापित होना प्रदेश के लिए गर्व का विषय है और इससे न केवल औद्योगिक परिदृष्य को नया आयाम मिलेगा बल्कि राज्य फार्मा क्षेत्र में वैश्विक मानचित्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करेगा। मुकेश अग्निहोत्री ने ये भी कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के विकास, विस्तारीकरण व सौंदर्यीकरण के प्रथम चरण के कार्य के लिए एक सौ 30 करोड़ रूपए की राशि भी उपलब्ध करवा दी गई है। इस दौरान उन्होंने हिमोत्कर्ष साहित्य, संस्कृति व जनकल्याण परिषद के संस्थापक कंवर हरि सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली विभुतियों और संस्थाओं को हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता पुरस्कार व हिमोत्कर्ष हिमाचल पुरस्कार से भी सम्मानित किया।

**जनऔषधि सप्ताह**

किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से शुरू किया गया जनऔषधि सप्ताह 2026, बीते कल देशभर में स्वास्थ्य जांच शिविरों के साथ शुरू हुआ। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने बताया कि सप्ताह भर चलने वाला यह उत्सव 8वें जनऔषधि दिवस तक चलेगा। मंत्रालय ने बताया है कि इस कार्यक्रमके तहत, औषधि विभाग द्वारा इस महीने की 5 तारीख तक देशभर में 2 सौ 50 से अधिक स्थानों पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम के पहले दिन, देशभर में लगभग 50 स्थानों परस्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में सामान्य स्वास्थ्य जांच और अन्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें मुफ्त रक्त परीक्षण, रक्तचाप और थायरॉइड परीक्षण शामिल हैं। शिविरों में जनऔषधि की दवाओं का मुफ्त वितरण भी किया गया। कई केंद्रों पर फिजियोथेरेपी परामर्श, नेत्रजांच और बाल स्वास्थ्य संबंधी पहल जैसी अतिरिक्त सेवाएं भी आयोजित की गईं। प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के तहत, देश भर में 18 हजार से अधिक जन औषधि केंद्र संचालित हो रहे हैं। सरकार ने 2027

तक इस नेटवर्क को 25 हजार केंद्रों तक विस्तारितकरने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, जिससे किफायती और गुणवत्तापूर्णदवाओं की अंतिम छोर तक पहुंच को मजबूत किया जा सके।

प्रादेशिक समाचारों के लिए समाचार कक्ष से मैं रीना वर्मा।

**पंचायतें**

पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि प्रदेश में 84 और नई पंचायतों का गठन किया जाना है, जिसके लिए आपत्तियां और सुझाव मांगे गए हैं। राज्य सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी है। तीन दिन के भीतर लोगों से आपत्तियां और सुझाव मांगे गए हैं। पंचायती राज विभाग से संबंधित जिला के उपायुक्तों और विकास खंड अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि प्रस्तावित पंचायतों की सीमाओं और नामों को लेकर स्थानीय स्तर पर राय ली जाएं। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि बढ़ती आबादी भौगोलिक परिस्थितियों और प्रशासनिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने नई पंचायतें बनाने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि ये प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी ताकि चुनाव समय पर करवाए जा सकें।

**जनगणना**

भारत की आगामी जनगणना वर्ष 2027 में होने जा रही है जो पूर्णतः पहली डिजिटल जनगणना होगी। ये कार्य डाटा संग्रह मोबाइल ऐप व वैब पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा जिससे प्रकिया अधिक पारदर्शी व त्वरित बनेगी। आगामी जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना को लेकर जिला शिमला में इन दिनों प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

डिस्पैच—— योगराज

**कलस्टर सिस्टम**

राजकीय प्राथमिक अध्यापक फैडरेशन ने राज्य सरकार द्वारा लागू की गई क्लस्टर प्रणाली के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी मुद्दे को लेकर कल प्राथमिक शिक्षकों ने प्रदेश भर में रोष प्रदर्शन किया। शिक्षकों का मुख्य विरोध इस प्रणाली से उनकी पदोन्नति के अवसर खत्म होने और प्राथमिक शिक्षा ढांचे के साथ कथित छेड़छाड़ को लेकर है। चंबा में रोष प्रदर्शन के दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रमेश बिजलवान ने कहा कि इस प्रणाली को लेकर शिक्षकों ने कई बार मुख्यमंत्री से बातचीत की लेकिन उनकी मांगों को हर बार अनसुना किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार जल्द अपना फैसला वापिस नहीं लेती तो आने वाले समय में बड़ा रोष प्रदर्शन किया जाएगा।

**और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर ऊजाला की सुर्खी है** हिमाचल में बनेंगी 84 और पंचायतें, आपत्तियां– सुझाव मांगे।

**पंजाब केसरी** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजु के हवाले से लिखता है दुर्गम इलाकों का वास्तविक विकास कागजी योजनाओं से नहीं ज़मीनी हकीकत से संभव।

**दैनिक जागरण** ने मुख्यमंत्री के बयान को प्रमुखता दी है– खाड़ी क्षेत्र में तनाव के बीच हिमाचली सुरक्षित– केंद्र के संपर्क में।

**दिव्य हिमाचल की खबर है** राज्यसभा चुनाव के प्रत्याशी पर फैसले को दिल्ली गए मुख्यमंत्री।

मौसम पर **दैनिक भास्कर की सुर्खी है** मार्च से मई तक हिमाचल में बढ़ेगी गर्मी– कई क्षेत्रों में पारा समान्य से ऊपर रहेगा।

**हिमाचल दस्तक की एक खबर है** उच्च हिमालयी क्षेत्र पर एनजीटी सख्त– 6 माह में संयुक्त समिति की सिफारिशें लागू करने के निर्देश।

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रदेश कांग्रेस का राज्यसभा प्रत्याशी पर मंथन तेज– मुख्यमंत्री की दिल्ली में आलाकमान से चर्चा जारी।
- नाहन में आज युवा संसद का होगा आयोजन– युवाओं को केंद्रीय योजनाओं के अलावा मिलेगी लोकतांत्रिक मूल्यों व संसदीय परंपराओं की जानकारी।
- किफायती और गुणवत्तापूर्ण जैनरिक दवाईयों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से देश भर में जन औषधि सप्ताह शुरू।
- और

- आगामी वर्ष होने जा रही डिजिटल जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना को लेकर शिमला में प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार।**